षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-04 बुधवार, दिनांक- 03 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा आज के लिए दिए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव को स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि आपके कार्यस्थगन के विषय से आसन अवगत है । प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली में कार्यस्थगन का समय निर्धारित है, इसे उस वक्त उठाईएगा । इस विषय को उठाने के लिए इस लम्बे सत्र में आपके पास पर्याप्त समय उपलब्ध है । मैं एक और तथ्य से आपलोगों को अवगत कराना चाहता हूँ :-

राज्य में सूखे के आसार को देखते हुए राज्य सरकार गंभीर है तथा दिनांक-28.06.2019 को सेन्ट्रल हॉल के एक कार्यक्रम में और सदन में भी माननीय मुख्यमंत्री ने इस विषय पर एक व्यापक चर्चा कराने को कहा था । इस संबंध में दिनांक-13 जुलाई, 2019 को सेन्ट्रल हॉल में पूरे दिन की एक व्यापक चर्चा का आयोजन किया गया है । साथ ही माननीय सदस्यों से अनुरोध किया कि इस गंभीर विषय पर होने वाली चर्चा में भाग लेकर अपने सुझाव दें या लिख कर पहले दे देंगे तो इस पर विभाग का जबाव भी आ जाएगा ।

आसन द्वारा कहा गया कि प्रश्नोत्तर के लिए ऑनलाईन की जो व्यवस्था शुरू हुई है उसमें अच्छी तरक्की हुई है । माननीय सदस्यों से अनुरोध किया कि ऑनलाईन उत्तर आया या नहीं इसकी जांच कर लेंगे तो इससे सदन का समय बचेगा ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल** :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-134 जल संसाधन विभाग में स्थानांतरित ।

(v) 97 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव, श्री मो० नवाज आलम एवं श्री राजेन्द्र कुमार द्वारा दिए गए कार्य स्थगन की सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

आसन की अनुमति से श्री ललित कुमार यादव द्वारा अपने कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को सदन में पढ़ा गया ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री अमीत कुमार
(ii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iii) श्री विजय कुमार खेमका
(iv) श्री ललन पासवान
(v) श्री मो० नवाज आलम
(vi) श्री महबूब आलम
(vii) श्री राजेन्द्र कुमार
(viii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(ix) श्री सुदामा प्रसाद
(x) श्री विद्यासागर केशरी
(xi) श्री सुनील कुमार

[4] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री मो० नवाज आलम का नाम आसन से ध्यानाकर्षण सूचना पढ़ने के लिए पुकारा गया किंतु माननीय सदस्य द्वारा अपने ध्यानाकर्षण सूचना को नहीं पढ़ा गया ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया । किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.05 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांगों [खण्ड-1 (कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग तथा गन्ना उद्योग विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग पर वाद-विवाद में निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने अपना पक्ष रखा ।

(i) श्री उमेश सिंह कुशवाहा

(माननीय अध्यासी सदस्य मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री विजय कुमार खेमका

(iii) श्री आलोक कुमार मेहता

(iv) श्रीमती अमिता भूषण

(v) श्री सुदामा प्रसाद

(vi) श्री शिवचन्द्र राम

(vii) श्री प्रभुनाथ प्रसाद

(viii) श्री विद्यासागर केशरी

(ix) श्री सीताराम यादव

(x) श्री मेवा लाल चौधरी

(xi) श्रीमती अरूणा देवी

(xii) श्री विद्यासागर निषाद

(xiii) श्री जिवेश कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री कृषि विभाग श्री प्रेम कुमार द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदोपरान्त माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 29 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-04 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-03.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।